# हत्या का मामला निकला भाई-भाई का विवाद



**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 9 अक्टूबर।** नरवर पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उस समय चर्चा में आया जब फरियादी ने स्वयं पर गोली लगने और अपने भाई की हत्या का आरोप गाँव के पाँच लोगों पर लगाया था, लेकिन जांच में सच्चाई कुछ और ही निकली। 29 सितंबर 2025 को वीरेंद्र कोली निवासी ग्राम कांकर थाना सीहोर जिला शिवपुरी ने घायल अवस्था में पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि राजू कोली, ओमप्रकाश कोली, सुन्दर कोली, मलखान कोली और मनीष कोली ने उसके भाई राजकिशोर कोली की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके पैर में भी गोली मार दी। इस पर थाना नरवर में अपराध क्रमांक 221/25 धारा 296, 103, 109, 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान जब पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया तो पाया कि फरियादी वीरेंद्र का ही आचरण संदिग्ध है। सभी साक्ष्य उसी की ओर इशारा कर रहे थे। जब पुलिस ने वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि उसने ही अपने भाई राजकिशोर की हत्या की है। वीरेंद्र ने बताया कि उसका भाई जुआ और शराब का आदी था, जिसके कारण परिवार की पैतृक संपत्ति बिक चुकी थी। इसी विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। इसी रंजिश के चलते वीरेंद्र ने अपने दो दोस्तों त्रिलोक रावत और राहुल रावत के साथ मिलकर राजकिशोर की हत्या की साजिश रची। 28 सितंबर की रात को तीनों ने मिलकर राजकिशोर को शराब पिलाई और नशे की हालत में उसे सुनसान जगह पर ले जाकर गोली मार दी। पुलिस को गुमराह करने के लिए वीरेंद्र ने अपने साथी से खुद के पैर में भी गोली लगवा ली और पुराने रंजिश वाले पाँच लोगों के नाम रिपोर्ट में लिखवा दिए। पुलिस ने फरियादी से पूछताछ के बाद वीरेंद्र कोली और त्रिलोक रावत को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा, दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

## खुलासे में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त खुलासे में निरीक्षक विनय यादव थाना प्रभारी नरवर, उपनिरीक्षक जूली तोमर, उपनिरीक्षक अभिनव शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक राधाकृष्ण बंजारा, प्रधान आरक्षक बरिंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक गिरिजाशंकर सेन, आरक्षक गौरव जाट, रामवीर सिंह, भोले सिंह, परिमाल सिंह, गजराज, पवन पुरी, माधी सिंह, अजय गुर्जर, अवधेश भारद्वाज, महिला आरक्षक कीर्ती मौर्य, चालक आरक्षक राजबहादुर सिंह, दीपक पुरोहित, हरेन्द्र गुर्जर और राधे जादौन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह खुलासा नरवर पुलिस की सूझबूझ, तकनीकी जांच और सटीक पूछताछ का परिणाम है।

# विद्यार्थी परिषद का जिला अभ्यास वर्ग आयोजित




## कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार और सैद्धांतिक भूमिका पर किया मंथन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09अक्टूबर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शिवपुरी जिले का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग 7 एवं 8 अक्टूबर को रामराजा रिसॉर्ट पिछोर में संपन्न हुआ। वर्ग में जिलेभर से 129 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इस वर्ग में संगठन के विस्तार, सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वर्ग की जानकारी देते हुए प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ रघुवंशी ने बताया कि अभ्यास वर्ग में एबीवीपी के प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे तथा विभाग प्रमुख मुकेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही।

प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का वैभवशाली अतीत हमारी प्रेरणा है। अभाविप भारत के शाश्वत एवं चिरपुरातन विचारों के आधार पर कार्य कर रही है। हमारे कार्यकर्ताओं को समाज में प्रेरक एवं प्रेरणा बनने का प्रयास करना चाहिए। वहीं विभाग संगठन मंत्री मुकेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से 'पंच परिवर्तन' के विषय पर कार्य करने का आग्रह किया। वर्ग के समापन सत्र में संगठन विस्तार को लेकर नई संगठनात्मक घोषणाएं की गईं। शिवपुरी भाग संयोजक मयंक रजक, कोलारस भाग संयोजक कपिल गुर्जर, तथा करैरा भाग संयोजक ऋतुराज यादव को नियुक्त किया गया।



### रचना बनीं मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव

**शिवपुरी।** पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस रचना शेर सिंह को मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस विभा पटेल ने उन्हें यह महत्वपूर्ण पद सौंपा। प्रदेश महासचिव रचना शेर सिंह ने कहा कि वे महिला कांग्रेस की रीति-नीति और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगी।

# तीन साल का समर्पण, किसानों के लिए मिसाल बने

## स्थानांतरण पर किसानों और स्टाफ ने भावपूर्ण विदाई दी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09अक्टूबर।**
विकासखंड शिवपुरी में प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के रूप में तीन वर्षों तक सेवा देने वाले एस.एस. जाटव का कार्यकाल किसानों और विभाग दोनों के लिए यादगार रहा। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग की सभी योजनाओं को अंतिम पायदान तक लागू किया और किसानों तक सीधे लाभ पहुंचाने में निरंतर मेहनत की।

उर्वरक प्रबंधन से लेकर वितरण व्यवस्था तक उनकी कार्यशैली हमेशा मिसाल रही। उनके प्रयासों से जिले के किसानों को समय पर उर्वरक और अन्य संसाधन मिलते रहे। तीन वर्षों के दौरान जिला मुख्यालय में कभी भी किसानों को कोई परेशानी नहीं हुई और किसी प्रकार की विवादित स्थिति भी नहीं बनी।

कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और उन्होंने विभागीय समर्पण एवं किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि हमने जाटव सर के नेतृत्व में काफी कुछ सीखा है। उनके मार्गदर्शन में हमें समझ आया कि कार्य कैसे करना चाहिए और किस तरह किसानों के हित में योजनाओं को लागू किया जाए। उनका अनुभव और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

एस.एस. जाटव ने विदाई समारोह में कहा, मेरा हमेशा यही प्रयास रहा कि किसानों की समस्याओं को उनकी भाषा में समझा जाए और योजनाओं का लाभ सीधे उनके तक पहुंचे। यही मेरे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। किसानों की खुशियाँ और उनकी उन्नति मेरे काम की असली पहचान है। अब प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के रूप में संदीप रावत यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य बच्चों के लिए अत्यंत आवश्यक : डीपीओ




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09अक्टूबर।** मानसिक स्वास्थ्य मानव विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि वे मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहें, तभी वे शिक्षा और जीवन के अन्य क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह जादौन ने कही।

वे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहायता, जेंडर, बाल संरक्षण और अधिकार विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण जनजातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षकों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 8 और 9 अक्टूबर 2025 को किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन शिवपुरी, कोलारस, पोहरी और नरवर विकासखण्ड के अधीक्षकों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन करैरा, बदरवास, पिछोर और खनियाधाना विकासखण्ड के अधीक्षकों ने सहभागिता की। कुल 103 अधीक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जिला समन्वयक ममता संस्था की कल्पना रायजादा ने बाल संरक्षण, बाल अधिकार एवं जीवन कौशल से संबंधित सत्रों का संचालन किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला चिकित्सालय के मनकक्ष प्रभारी डॉ. योगेन्द्र रघुवंशी ने मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता, आवश्यकता एवं परामर्श की परिस्थितियों पर जानकारी दी।

मनकक्ष से ब्रजभान दोहरे ने रेफरल सर्विसेज एवं ऑनलाइन परामर्श प्रक्रिया पर जानकारी प्रदान की। आकांक्षी ब्लॉक समन्वयक कोलारस सौरभ शर्मा और पिछोर समन्वयक सुरेन्द्र सिंह ने आकांक्षी ब्लॉकों के विकास संकेतकों और आगामी हाट गतिविधियों के बारे में बताया। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी जीतेश जैन ने दी। उन्होंने बाल विवाह उन्मूलन विषय पर छात्रावास अधीक्षकों का उन्मुखीकरण भी किया। धीरेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि मानसिक रूप से सशक्त बच्चे ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। हमें बच्चों के मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर उतना ही ध्यान देना चाहिए, जितना शारीरिक स्वास्थ्य पर।

# देशी कट्टा सहित युवक गिरफ्तार, पुलिस की तत्परता से बड़ी वारदात टली



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 अक्टूबर।** थाना बैराड़ पुलिस ने अपराध करने की नियत से घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस की इस तत्परता से संभावित वारदात टल गई।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सकतपुर में बिक्की ढाबा के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर वारदात करने की नियत से घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए टीम गठित की और बताए स्थान पर दबिश दी। मौके से आरोपी बिक्रम उर्फ बिक्की धाकड़ पुत्र ओमप्रकाश धाकड़ उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सकतपुर थाना बैराड़ जिला शिवपुरी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 380/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसमें अपराध क्रमांक 298/25 धारा 34(1) आबकारी एक्ट दर्ज है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सहायक उपनिरीक्षक सोवरन सिंह सिसौदिया, आरक्षक 1058 राजेन्द्र प्रसाद, आरक्षक 660 लोकेन्द्र सिंह, आरक्षक 583 शोभाराम मीणा, आरक्षक 313 मांगीलाल गुर्जर, आरक्षक 127 लाल सिंह, महिला आरक्षक 1150 वर्षा जाटव एवं महिला आरक्षक 553 निशा गौड़ की विशेष भूमिका रही।

# फरार स्थायी वारंटी बरजोर गिरफ्तार,पुलिस की बड़ी सफलता



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिलेभर में इनामी, फरारी, स्थायी तथा गिरफ्तारी वारंटियों की तामीली हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सुरवाया थाना पुलिस ने 19 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीब मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरवाया अरविन्द छारी के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस टीम ने माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के सीआरआर क्रमांक 896/2011 तथा थाना सुरवाया के अपराध क्रमांक 36/2006 में वांछित स्थायी वारंटी बरजोर पुत्र भीकम सिंह ठाकुर (गौर) निवासी ग्राम मितलोनी थाना सुरवाया, जिला शिवपुरी, हाल निवासी नया अमोला नंबर 03, थाना अमोला, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया है। वारंटी लगभग 19 वर्षों से फरार था। आरोपी को माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना सुरवाया के पुलिसकर्मियों की प्रमुख भूमिका रही। इनमें उप निरीक्षक अरविन्द छारी, सहायक उप निरीक्षक विवेक भट्ट, प्रधान आरक्षक कमलकिशोर कबीर, प्रधान आरक्षक हर्ष झा, प्रधान आरक्षक केशव तिवारी, प्रधान आरक्षक मनीष सेन, आरक्षक चालक राजेन्द्र यादव और आरक्षक सहदेव तोमर शामिल रहे।

### राजस्व मंत्री ने की खेल महोत्सव की गतिविधियों की समीक्षा

**इछावर.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा द्वारा जनपद पंचायत सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव-के संबंध में बैठक आयोजित की गई. उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को महोत्सव के कैलेंडर के अनुसार सभी खेल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए.

### दूधिया रोशनी से जगमगाया मरीह माता मंदिर

**सीहोर.** शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर आगामी दिनों में अब हाईमास्क की रोशनी से सराबोर नजर आएगा. इसके अलावा यहां पर हाई मास्क और टीन शेड और डामरीकरण निर्माण आदि किया जाएगा. गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मरीह माता मंदिर पर 31 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन कन्याओं और मातृ शक्ति से कराया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा विकास के साथ सनातन धर्म को लेकर चलती है, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में परिषद के द्वारा दो दर्जन से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है.

# आरएसएस ने नगर में निकाला भव्य पथ संचलन

**नवभारत न्यूज**
**बुधनी 9 अक्टूबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के दशहरा मैदान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के पश्चात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकाला गया. जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास, विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र राजगढ़ एवं संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे. इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति रही.



विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र ने संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा पर प्रकाश डाला. नगरवासियों ने पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे. दशहरा मैदान स्वयंसेवकों और नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया.

इसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीहोर में नया इतिहास रचने जा रहा है. रविवार को 10 हजार गणवेश धारी स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या के साथ पथ संचलन निकालने की तैयारी कर ली गई हैं. विधायक सुदेश राय ने भी संघ के जिला कार्यालय से अपने लिए आरएसएस टोपी, सफेद शर्ट, कत्थई कलर की पेंट मोजे और काले जूते खरीद लिए हैं. संघ के जिला प्रचारक के दिशा निर्देशन में शहर की सभी बस्तियों में और आसपास के ग्रामीण अंचलों नगरों कस्बों में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पथ संचलन निकाले जा चुके हैं.

# त्योहारी सीजन में सड़क अतिक्रमण हटाने अभियान शुरू, दुकानदारों को चेताया गया

## यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने नगरपालिका के सहयोग से चलाया अभियान



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09अक्टूबर।** त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में बढ़ती भीड़ और सड़क पर फैल रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को यातायात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। यह कार्रवाई कोर्ट रोड, सदर बाजार और प्रगति बाजार क्षेत्रों में की गई। अभियान के दौरान टीम ने देखा कि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रख लिया था, जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही थी। कुछ दुकानदारों ने तो अपनी दुकान के सामने की जगह छोटे विक्रेताओं को किराए पर दे दी थी।

यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव और नगर पालिका टीम ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपना सामान दुकान के अंदर रखें और केवल निर्धारित सीमा के भीतर ही अस्थायी दुकानें लगाएं। अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए। टीम ने चेतावनी दी कि यदि सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो सामान जब्त करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान का उद्देश्य त्योहारी मौसम में बाजारों में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखना और पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना है।

**प्रदर्शन** — शहर कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त कर निकाला कैंडल मार्च

# सिरप बेचने वाले को फांसी दें, स्वास्थ्य मंत्री दें इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 9 अक्टूबर.** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा गुरुवार की शाम तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क से छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरफ दवाई के सेवन से मृत हुए बच्चों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देने के बाद तहसील चौराहा से टॉकीज चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला गया.

कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की. उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल इस्तीफा दो के नारे भी लगाए गए. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग का सिस्टम पूरी तरह से बेकार हो चुका है. बाजार में खुलेआम जहरीली दवाइयां बिक रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कठोर कार्यवाही करने को तैयार नहीं हैं. छोटे कारोबारी ऊपर कारवाई की जा रही है और बड़ों को बचाया जा रहा है.

श्री वर्मा ने कहा कि जहरीली कफ सिरफ दवाई बेचकर मासूम बच्चों की जान लेकर माताओं की कोख को उजाड़ने वाले दरिंदों को फांसी देने के आदेश दिए जाने चाहिए और घटना की जिम्मेदारी लेते हुए उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफ दे देना चाहिए. प्रदर्शन में ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, नईम नवाब,




संतोष सिंह, ओम प्रकाश गौर, सुनील दुबे, राकेश शर्मा, विवेक राठौर, मजीद अंसारी, मुकेश ठाकुर, घनश्याम यादव, नरेंद्र खंगराले, इरफान लाला, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, सारा यादव, ईश्वर ठाकुर, तुलसी राठौर, भगत तोमर, रामायण शुक्ला, अजय रैकवार, कमलेश चांडक, प्रेम नारायण परमार, विवेक टांक, गजराज परमार, राजू कौशल आदि शामिल थे.

### रोजगार-स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में रोजगार-स्वरोजगार योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित समयावधि में सभी लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाए. उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से जुड़कर लोग आत्मनिर्भर बनते हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं. नियमित रूप से रोजगार-स्वरोजगार मेले आयोजित किए जाएं और रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ा जाए.

# लव जिहाद, लैंड जिहाद व धर्मांतरण को लेकर आक्रोश

- रैली निकालकर हिंदू संगठनों ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन
- संगठनों के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे थे तहसील

**नवभारत न्यूज**
**इछावर 9 अक्टूबर.** देशभर में लगातार बढ़ रही लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में गुरुवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा धर्म बचाओ समिति की ब्लाक इकाई के नेतृत्व में एक जन आक्रोश रैली निकाली गई.

यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची. जहां एसडीएम स्वाति मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया. रैली में लव जिहाद , लैंड जिहाद और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की. धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर सख्त कानून बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर संचालित होने वाली ऐसी संस्थाएं जो धर्मांतरण में शामिल हैं उनको बंद करने व विदेशों से फंडिंग होने वाले एनजीओ जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें धर्मांतरण के लिए उकसाते हैं. उनके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद करने की मांग की गई. बजरंग दल जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि मिशनरी के लोग स्वास्थ्य और शिक्षा एवं आर्थिक सहायता के नाम पर बहलाकर धर्मांतरण कर रहे हैं. इससे जनजातीय समुदाय की जातियां विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है. इसके अलावा लव जिहाद व लैंड जिहाद की घटनाएं भी लगातार प्रकाश में आ रही है. श्री कुशवाह ने कहा जिहादियों और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, नहीं तो हिन्दू समाज को कठोर कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा.